an>

Title: Need to expedite establishment of Vikramshila University in Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) ः भारत सरकार ने बिहार राज्य के भागलपुर स्थित प्राचीन विक्रमशिला के अस्तित्व को पुनः वापस लाने के प्रयास में यहां विक्रमशिला विश्वविद्यालय के स्थापना की घोषणा की थी, लेकिन विश्वविद्यालय के स्थापना के लिए अब तक कोई भी प्रयास नहीं हो सका है। भूमि अधिग्रहण का कार्य भी अभी तक नहीं हो सका है। सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक कदम विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए नहीं उठाया गया है जिससे इस क्षेत्र की जनता में काफी रोष व्याप्त है। यह ऐतिहासिक स्थल है, जहाँ हाल के दिनों में महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने भी विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अवशेषों को देखने के लिए अपनी यात्रा की है। खुदाई स्थल को देखने तथा अनुसंधान के लिए भी देश-विदेश के लोगों का आना-जाना बढ़ गया है, लेकिन इस स्थल पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय के निर्माण को देखकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। अतः भारत सरकार से मांग है कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने हेतु आदेश देने का कष्ट करें।